टनाटन हुई मेट्रो टनल!

२९२ दिन में ३४वीं सुरंग तैयार

सामना संवाददाता / मुंबई

मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. (एमएमआरसीएल) ने मेट्रो-३ कॉरिडोर की ३४वीं टनल पूरी तरह से टनाटन कर ली है। ६४८ मीटर लंबी यह सुरंग तैयार करने में एमएमआरसीएल को २९२ दिन का समय लगा है। जमीनी सतह से करीब २५ मीटर नीचे स्थित यह टनल सूर्या-१ टनल बोरिंग मशीन की सहायता से बनाई गई है। चर्चगेट से हुतात्मा चौक के बीच निर्माण हुए इस मेट्रो मार्ग में कंक्रीट की ५०६ रिंग्स का इस्तेमाल किया गया है।

हुतात्मा चौक मेट्रो स्टेशन मेट्रो-३ के अहम स्टेशनों में से एक है। इस स्टेशन से यात्री मुंबई विश्वविद्यालय, हाई कोर्ट, बलार्ड इस्टेट, जहांगीर आर्ट गैलरी और गेट वे ऑफ इंडिया तक आसानी से पहुंच सकेंगे।

कुलाबा-बांद्रा-सिप्ज के बीच मेट्रो कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है। ३३.५ किमी लंबी मुंबई की पहली भूमिगत मेट्रो का ८९ फीसदी टनल निर्माण का काम पूरा किया जा चुका है। स्टेशन समेत पूरे मार्ग पर निर्माण कार्य ६१ फीसदी किया जा चुका है। कॉरिडोर के पैकेज १ के तहत कफ परेड, विधान भवन, चर्चगेट, हुतात्मा चौक मेट्रो स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। हुतात्मा चौक स्टेशन का निर्माण कार्य ५३ प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। एमएमआरसीएल के व्यवस्थापकीय संचालक रणजीत सिंह देओल ने बताया कि पैकेज १ के तहत ८१ फीसदी टनल निर्माण और ७० फीसदी निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। कॉरिडोर के पूरे मार्ग पर ८९ फीसदी टनल तैयार होने के साथ ही मार्ग पर पटरी बिछाने के काम की भी शुरुआत कर दी गई है। पटरी बिछाने के लिए अमेरिका से विशेष मशीन मंगवाई गई है।